# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–01 अप्रैल 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बरेली जिले से प्रदेशव्यापी विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने नौ सौ तैंतिस करोड़ रुपये की एक सौ बत्तीस विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूलों का कायाकल्प होने से पिछले वर्ष एक करोड़ इक्यानवे लाख बच्चों के प्रत्येक अभिभावक को डीबीटी के माध्यम से एक हजार दो सौ रुपये भेजने का काम किया गया है।

***स्कूलों में छानवे फीसदी विद्यालय ऐसे हैं जिनमें ऑपरेशन कायाकल्प के माध्यम से वहां पर बालक बालिकाओं के लिए अलग अलग ट्वायलेट की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, स्कूल के फ्लोर की फ्लोरिंग की व्यवस्था, स्मार्ट क्लास की व्यवस्था, डिजिटल लाइब्रेरी की व्यवस्था, फर्नीचर की व्यवस्था की।***

मुख्यमंत्री ने तिहत्तर करोड़ पचीस लाख रुपये की लागत से बरेली में निर्मित अटल आवासीय विद्यालय का उद्घाटन भी किया। इससे पहले उन्होंने जीवन रक्षक सुविधाओं से लैस दो हजार पांच सौ चौवन नई एम्बुलेंस को फ्लैग ऑफ भी किया।

**********

प्रदेश के सभी जिलों में आज विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के शुभारम्भ संबंधी कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अभियान में आज से तीस अप्रैल तक ग्यारह विभाग आपसी समन्वय से संचारी रोगों की रोकथाम के लिए गतिविधियां करेंगे। इसी क्रम में दस अप्रैल से तीस अप्रैल तक दस्तक अभियान भी चलाया जाएगा, जिसमें स्वास्थ्य टीमे घर घर जाकर बीमारी के लक्षणयुक्त मरीजों की सूची तैयार करेंगी।

मऊ जिले में वहां के जिलाधिकारी ने अभियान का शुभारंभ करते हुए बताया कि विभागीय टीमें लोगों को बीमारियों के बारे में जागरूक करेंगी। वहीं, गोरखपुर जिले में महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एके चौधरी ने अभियान के शुभारंभ के मौके पर प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

**********

लोकसभा में कल वक्फ संशोधन विधेयक दो हजार पचीस विचार और पारित होने के लिए पेश किया जाएगा। संसदीय कार्य मत्रीं किरेन रिजिजू ने आज संसद भवन में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सदन में विधेयक पर आठ घंटे की चर्चा का निर्णय लिया गया है।

**********

केंद्र सरकार की एकीकृत पेंशन योजना यूपीएस आज से लागू हो गई है। सरकार ने इसे राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया है। इस योजना से केंद्र सरकार के लगभग तेईस लाख कर्मचारी लाभान्वित होंगे।एक रिपोर्ट–

***यूपीएस उन सरकारी कर्मचारियों के लिए है, जो एक जनवरी, 2004 को, या उसके बाद, सेवा में शामिल हुए हैं, साथ ही जो भविष्य में शामिल होंगे, उनके पास एनपीएस से यूपीएस में जाने का विकल्प है। इस योजना के तहत सेवानिवृत्ति से पहले के 12 महीने में मिले, औसत बेसिक सैलरी की, 50 प्रतिशत राशि को सुनिश्चित पेंशन के तौर पर देने का प्रावधान है। यूपीएस में सभी केंद्रीय कर्मचारियों को 10 हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन की गारंटी मिलती है और इसके लिए कर्मचारियों को कम से कम 10 साल की सेवा अनिवार्य है। इसके अलावा पेंशनधारक की मृत्यु होने पर, उनके परिवार को पेंशन के रूप में, अंतिम पेंशन का 60 फीसदी मिलेगा। इस योजना के लिए कर्मचारी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही माध्यमों से आवेदन कर सकते हैं। दीपेन्द्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

कुशीनगर जिले में अग्निकांड से बचाव के संबंध में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने एडवाइजरी और टोल फ्री नंबर जारी किया है। लोगों से अपील की गई है कि अग्निकांड की घटनाओं की जानकारी और रोकथाम के लिए विभिन्न अधिकारियों के नंबर के साथ साथ टोल फ्री नंबर शून्य पांच पांच छह चार दो चार शून्य पांच नौ शून्य पर सम्पर्क कर सकते हैं। कुशीनगर के जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने किसानों से अपील की है कि वह खेतों में पराली न जलाए।

**********

नवरात्र के तीसरे दिन श्रद्धालु माता के चंद्रघंटा रूप का दर्शन पूजन कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश के सभी शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है।

वाराणसी जिले के चौक क्षेत्र में स्थित माता के प्राचीन मंदिर में दर्शन पूजन के लिए भोर से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। दिन भर लोगों ने जयकारों के बीच माता के दर्शन किया और पूजन किया। मंदिर के पुजारी वैभव नाथ योगेश्वर ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि मां चंद्रघंटा की पूजा करने से शत्रुओं का नाश होता है।

इस बीच, अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए भी भारी संख्या में श्रद्धालु वहां पहुंच रहे हैं। छह अप्रैल को वहां मनाए जाने वाले राम नवमी उत्सव को देखते हुए श्री राम जन्मभूमि मंदिर को फूलों से सजाया गया है।

**********

आईपीएल टी ट्वेंटी क्रिकेट मैच में, आज शाम साढ़े सात बजे लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला लखनऊ के एकाना क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स से होगा। लखनऊ सुपर जायंट्स ने अभी तक दो मैच खेले हैं जिनमें एक में जीत मिली है।

**********